14 जुलाई, 2020 के मुख्य हिंदी करेंट अफेयर्स प्रश्न-उत्तर

प्रश्न- हाल ही में कौन-सी दवा COVID-19 महामारी से मध्यम / कम तथा गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों के सफलतापूर्वक इलाज को लेकर चर्चा में रही?

इटोलिज़ुमैब (Itolizumab)

बायोकॉन लिमिटेड कंपनी की दवा 'इटोलिज़ुमैब' (Itolizumab) COVID-19 महामारी से मध्यम/कम रूप से बीमार और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों के सफलतापूर्वक इलाज़ को लेकर हाल ही में चर्चा में रही। क्योंकि 'ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया' (Drug Controller General of India-DCGI) द्वारा COVID-19 महामारी के इलाज के लिये इटोलिज़ुमैब इंजेक्शन के सीमित आपातकालीन उपयोग को मंज़ूरी दे दी गई है।

ग़ौरतलब है कि 'इटोलिज़ुमैब' त्वचा से संबंधित सोरायसिस बीमारी के इलाज में प्रयुक्त होती है। यह स्वदेशी दवा है। बायोकॉन लिमिटेड एक भारतीय बायोफार्मास्युटिकल कंपनी है, जिसका मुख्यालय बंगलूरू में स्थित है और किरण मजूमदार शॉ इसकी संस्थापक हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, हाल ही में इटोलिज़ुमैब दवा का कुछ COVID-19 मरीज़ों पर परीक्षण किया गया था, जोकि पूर्ण रूप से सफल रहा।

इस इंजेक्शन का इस्तेमाल उन मरीज़ों के इलाज के लिये किया जाएगा, जिन्हें COVID-19 संक्रमण के दौरान श्वास लेने जैसी समस्याएं पेश आ रही हैं।

प्रश्न- हाल ही में किस भारतीय अमेरिकी वैज्ञानिक को प्रतिष्ठित अमेरिकी कृषि अनुसंधान फर्म 'राष्ट्रीय खाद्य और कृषि संस्थान' (NIFA) का कार्यवाहक निदेशक नियुक्त किया गया है?

डॉ. पराग चिटनिस

डॉ. पराग चिटनीस को प्रतिष्ठित 'राष्ट्रीय खाद्य और कृषि संस्थान' (National Institute of Food and Agriculture-NIFA) का कार्यवाहक निदेशक नियुक्त किया गया है। इस पद हेतु पराग चिटनिस डॉ. स्कॉट एंगल की जगह लेंगे, जिन्हें गेन्सविले में फ्लोरिडा विश्वविद्यालय में कृषि और प्राकृतिक संसाधनों के उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है।

बता दें कि पराग चिटनीस को इस वर्ष की शुरुआत में 'प्रोग्राम्स' का सहायक निदेशक बनाया गया था। इन्होंने NIFA की करीब 1.7 अरब डॉलर की अनुसंधान परियोजनाओं के क्रियान्वयन की अगुवाई की है।

पराग चिटनिस ने महाराष्ट्र के कोंकण कृषि विश्वविद्यालय से वनस्पति विज्ञान में MSc और नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान से आनुवंशिकी और

जैव रसायन में MSc किया है। इन्होंने लॉस एंजिल्स में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से जीव विज्ञान में पीएचडी की डिग्री हासिल की है।

राष्ट्रीय खाद्य और कृषि संस्थान (NIFA)

राष्ट्रीय खाद्य और कृषि संस्थान को वर्ष 2008 के खाद्य, संरक्षण और ऊर्जा अधिनियम के तहत बनाया गया था। यह अमेरिकी कृषि विभाग के अधीनस्थ है। NIFA का मुख्य उद्देश्य सभी वित्त पोषित कृषि अनुसंधानों को एकीकृत करना है।

प्रश्न- हाल ही में चर्चा में रहे DGLL का पूर्ण रूप क्या है?

दीपस्तंभ और दीपपोत महानिदेशालय (Directorate General of Lighthouses and Lightships-DGLL)

हाल ही में जहाज़रानी मंत्रालय (Ministry of Shipping) ने विभिन्न हितधारकों एवं आम जनता से सुझाव प्राप्त करने के लिये नौवहन सहायता विधेयक-2020 (The Aids to Navigation Bill, 2020) का मसौदा जारी किया। यह मसौदा लगभग नौ दशक पुराने लाइटहाउस अधिनियम, 1927 (Lighthouse Act, 1927) को प्रतिस्थापित करने के लिये लाया गया है।

यह अधिनियम अतिरिक्त अधिकार एवं कार्यों जैसे- पोत यातायात सेवा, जहाज़ के मलबे को हटाना, प्रशिक्षण एवं प्रमाणन, अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों के तहत अन्य दायित्वों के कार्यान्वयन के साथ 'दीपस्तंभ और दीपपोत महानिदेशालय' (DGLL) को सशक्त बनाने का प्रावधान करता है।

DGLL जहाज़रानी मंत्रालय के अंतर्गत अधीनस्थ कार्यालय है जो भारतीय तट से संबंधित समुद्री नेवीगेशन के लिये सामान्य सहायता प्रदान करता है। इसका मुख्य

लक्ष्य भारतीय जल में सुरक्षित जल यात्रा के लिये नाविकों को नौवहन सहायता प्रदान करना है।

प्रश्न- हाल ही में कौन-सी भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी 12 लाख करोड़ रुपये के मूल्य को छूने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है?

रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड (RIL)

मुंबई स्थित भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड (RIL) यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है। कंपनी के शेयरों में तेज़ी के चलते उसने इस मुकाम को हासिल किया है।

दरअसल, RIL का बाज़ार पूंजीकरण 13 जुलाई, 2020 को 12 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया। कंपनी मार्च 2021 के अपने लक्ष्य से आगे शुद्ध ऋण-मुक्त हो गई है, इस घोषणा के बाद रिलायंस के शेयर में काफी तेज़ी देखी गई। 31 मार्च, 2020 को रिलायंस का ऋण 161,035 करोड़ रुपये था।

शेयर भाव में इस तेज़ी के चलते कंपनी का बाज़ार पूंजीकरण बीएसई पर 38,163.22 करोड़ रुपये बढ़कर 12,29,020.35 रुपये पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज़ सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में सबसे अधिक लाभ में चल रही है।

प्रश्न- हाल ही में किस राज्य सरकार ने 'रोको-टोको' अभियान की घोषणा की?

मध्य प्रदेश सरकार

मध्य प्रदेश सरकार द्वारा COVID-19 महामारी का मुकाबला करने के खिलाफ अपनी लड़ाई में 'रोको-टोको' नाम से एक अभियान शुरू करने की घोषणा की गई है। जो लोग राज्य में मास्क नहीं पहन रहे हैं यह अभियान उन लोगों पर केंद्रित होगा।

इस अभियान के तहत, राज्य भर के प्रत्येक ज़िले में स्वयंसेवकों के लिए संगठनों का चयन कलेक्टर द्वारा किया जाएगा। अभियान के तहत मास्क, शहरी स्थानीय निकायों द्वारा 'जीवन शक्ति योजना' (शहरी महिलाओं के लिए अप्रैल 2020 में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा शुरू) के तहत स्वयंसेवकों या संगठनों को क्रेडिट पर प्रदान किए जाएंगे।

प्रश्न- किसे हाल ही में को कॉर्पोरेट उत्कृष्टता श्रेणी के अंतर्गत उत्कृष्ट उपलब्धि के लिये प्रतिष्ठित 'सीआईआई-आईटीसी सस्टेनेबिलिटी पुरस्कार-2019' (CII-ITC Sustainability Award- 2019) प्रदान किया गया?

राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (NTPC) लिमिटेड

देश में सस्टेनेबिलिटी की पहचान के लिये 'सीआईआई-आईटीसी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट' (CII-ITC Center of Excellence for Sustainable Development-CESD) सबसे विश्वसनीय माना जाता है। यह पुरस्कार उन व्यवसायों में उत्कृष्टता के लिये प्रदान किया जाता है, जो अपनी गतिविधियों में अधिक टिकाऊ एवं समावेशी होने के तरीके अपनाते हैं।

National Thermal Power Corporation (NTPC) लिमिटेड, केंद्रीय विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत एक केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम और भारत की सबसे बड़ी बिजली उत्पादन कंपनी है।

प्रश्न- हाल ही में चर्चा में रहा 'सी/2020 एफ3' (C/2020 F3) क्या है?

एक धूमकेतु

धूमकेतु 'सी/2020 एफ3' (C/2020 F3), जो नियोवाइज़ (NEOWISE) के नाम से भी जाना जाता है, 22 जुलाई, 2020 को पृथ्वी के सबसे निकट पहुँचेगा। इस दिन यह धूमकेतु पृथ्वी की बाहरी कक्षा को पार करते समय 64 मिलियन मील या 103 मिलियन किलोमीटर की दूरी पर होगा।

इस धूमकेतु को नासा के टेलीस्कोप द्वारा खोजा गया था। इसे अपनी कक्षा के चारों ओर एक चक्कर पूरा करने में 6800 वर्ष लगते हैं।

ग़ौरतलब है कि खगोलविदों का मानना है कि इस धूमकेतु के अध्ययन से सौर मंडल के गठन के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है और यह भी संभव है कि धूमकेतु पर जल एवं अन्य कार्बनिक यौगिक विद्यमान हों जो पृथ्वी पर जीवन के निर्माण खंड हैं।

प्रश्न- कौन पांच साल के अपने दूसरे कार्यकाल के लिए पोलैंड के राष्ट्रपति चुने गए हैं?

आंद्रेज डूडा (Andrzej Duda)

पोलैंड के वर्तमान राष्ट्रपति आंद्रेज डूडा (Andrzej Duda) ने 2020 राष्ट्रपति चुनाव में कुल वैध मतों के 51.21 प्रतिशत के साथ जीत हासिल की जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी रफाल ट्रज़ास्कोव्स्की (Rafał Trzaskowski) को कुल वैध मतों में से 48.79 प्रतिशत मत प्राप्त हुए।

आंद्रेज डूडा का वर्तमान कार्यकाल 6 अगस्त, 2020 को समाप्त होना था, किन्तु इस जीत के साथ वह एक और पांच साल के कार्यकाल के लिए पोलैंड के राष्ट्रपति के रूप में कार्य करते रहेंगे।

www.knowledgesagar.com

ग़ौरतलब है कि पोलैंड में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव के पहले दौर का आयोजन 28 जून, 2020 को जबकि दूसरे दौर के चुनाव का आयोजन 12 जुलाई, 2020 को किया गया था।

----------oooooooooooooooooo----------

www.knowledgesagar.com